# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर (म.प्र.)

(ए.डी.आर भवन, जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर सीहोर म.प्र. 466001)
Ph. No. 07562-436111, E-Mail- secdlsashe@mp.gov.in

क्र.फा.न. 60 / LADCS / जि.वि.से.प्रा. //469 / 2025 सीहोर, दिनांक 04/ 09 / 2025

## चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल / डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल / असिस्टेंट लीगल एड डिफेस काउंसिल के चयन हेतु विज्ञप्ति-

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा विधिक सेवा प्रदाय हेतु एक नया मॉडल 'Legal Aid Defense Counsel System' (L.A.D.C.S.) बनाया गया है। उक्त मॉडल के अनुसार आपराधिक प्रकरणों के गिरफ्तारी पूर्व प्रकम से लेकर अपीलों आदि के समापन तक प्रत्येक चरण में विशेष रूप से गुणवत्तापूर्ण विधिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान है।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के पत्र क्रमांक 2114/2025 दिनांक 06.08.2025 के परिपालन में लीगल एड डिफेंस काउंसिल से संबंधित एस.ओ.पी., नालसा लीगल एड डिफेंस मॉडिफाईड स्कीम 2022 के उपबंधों एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के पत्र क. 2256 दिनांक 18.08.2025 एवं पत्र क्रमांक 2303 दिनांक 22.08.2025 के अधीन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर में स्थापित कार्यालय लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम में संविदा आधार पर चीफ / डिप्टी चीफ / असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चयन के लिए आवेदन आहूत किये जा रहे हैं।

### 1. पदनाम, पदसंख्या, मानदेय, न्यूनतम योग्यता एवं अनुभव

| स. क. | जिले का नाम | पदनाम | पदों की संख्या | न्यूनतम योग्यता | श्रेणी "सी" जिले हेतु निर्धारित मानदेय राशि रूपये |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीहोर | चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल | 01 | सेशन कोर्ट में न्यूनतम 10 साल की प्रेक्टिस अनिवार्य होगी। | 65000/- प्रतिमाह |
| 2 | | डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल | 02 | सेशन कोर्ट में न्यूनतम 07 साल की प्रेक्टिस अनिवार्य होगी। | 45000/- प्रतिमाह |
| 3 | | असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल | 03 | न्यायिक मजिस्टेट स्तर के न्यायाल में न्यूनतम 0 से 03 साल की प्रेक्टिस अनिवार्य होगी। | 25000/- प्रतिमाह |

**नोट**- उपरोक्त पदों पर कार्य करने हेतु चयनित अधिवक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर द्वारा पैरवी के लिए सौंपे गए प्रकरणों एवं कार्यों के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार की प्राईवेट प्रैक्टिस संविदा अवधि के दौरान नहीं कर सकेगें। उक्त पदों पर चयनित अधिवक्ताओं की अतिरिक्त योग्यता, सेवा अवधि, सेवा की शर्तें तथा मानदेय नालसा LADCS Modified Scheme 2022 तथा म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के पत्र क. फा.नं. 97/एलएडीसीएस/राविसेप्रा/ 2114/2025 जबलपुर, दिनांक 06.08.2025 द्वारा जारी SOP के उपबंधों के अधीन रहेगी। पदों की संख्या म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार कम या अधिक की जा सकती है। उक्त विज्ञप्ति को किसी भी समय निरस्त करने का सर्वाधिकार सुरक्षित है। नियुक्ति के लिए आवेदन करने से किसी भी प्रकार का कोई भी अधिकार / आश्वासन नहीं बनता है।

**2. आवेदन प्राप्त करने की प्रकिया**

उक्त विज्ञप्ति एवं आवेदन का प्रारूप जिला न्यायालय सीहोर की अधिकारिक वेवसाइट **https://sehore.dcourts.gov.in** पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी उन्हें डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के नोटिस बोर्ड एवं कार्यालय से भी प्राप्त किए जा सकते हैं।

**3. आवेदन भरने की प्रकिया-**

प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन आवश्यक है। सभी अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि अपने आवेदन पत्र भरते समय पूर्ण सावधानी के साथ सभी प्रविष्टियों का अंकन करें ताकि संशोधन की आवश्यकता उत्पन्न न हो। एक बार आवेदन कार्यालय में जमा कर दिए जाने के पश्चात किसी भी संशोधन की कोई अनुमति नहीं दी जाएगी।

**4. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि-**

इच्छुक अभ्यर्थी विहित आवेदन को उचित ढंग से भरकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 26/09/2025/ समय सायं 05:00 बजे तक जमा/प्रेषित कर सकते है। उक्त निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

5. आवेदनों के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियां प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है-

➢ Five (5) contested Judgments of Conviction.

➢ Five (5) contested Judgments of Acquittal. (If available)

➢ Five (5) Charge Order Sheets, revealing arguments on charge

➢ Five (5) Witness Statements recorded during Trial

➢ Minimum (five) (5) Memos/Vakalatnamas

➢ Minimum (five) (5) Bail Orders

➢ L.L.M. Degree (if available)

➢ Ph.D. in Law (if available)

➢ Experience Certificate(s) related to practice on the Criminal side.

➢ Document regarding previously worked as chief legal Aid Defense Counsel/Deputy chief legal Aid Defense Counsel/Assistant legal Aid Defense Counsel (If available)

इसके अतिरिक्त यदि अभ्यर्थी निम्नानुसार विषय में अतिरिक्त योग्यता रखता हो तो दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियां प्रस्तुत करें -

➢ Knowledge of Information Technology and Legal Software Tools.

**6. आवेदनों की जांच एवं चयन प्रकिया :-**

अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों पत्रों एवं दस्तावेजों की विहित नियमों के अनुसार नियमानुसार जांच की जाएगी। जांच में यदि यह पाया जाता है कि आवेदन अपूर्ण है या उसमें दी गई जानकारी असत्य है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर को उक्त आवेदनों को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। आवेदनों की जांच के उपरांत साक्षात्कार के लिए पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी। इसके पश्चात पात्र अभ्यर्थियों को पूर्व सूचना देकर साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। अभ्यर्थियों का साक्षात्कार उनके द्वारा आवेदित पद के अनुसार पृथक-पृथक किया जाएगा। उक्त साक्षात्कार प्रधान जिला न्यायाधीश, सीहोर की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के समक्ष होगा। उक्त चयन समिति द्वारा चयनित वरीयता सूची को माननीय कार्यपालक अध्यक्ष, म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर को भेजा जाएगा और अंतिम नियुक्ति उक्त अनुमोदन के अधीन होगी।

**7. चयन मापदण्ड :-**

अभ्यर्थियों के चयन में म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के पत्र क. फा.नं. 97/एलएडीसीएस/राविसेप्रा/2114/2025 जबलपुर, दिनांक 06.08.2025 द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित मापदंड का पालन किया जाएगा। उक्त संबंध में चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पद के लिए उक्त एस.ओ.पी. के **Appendix-A,** डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पद के लिए एस.ओ.पी. के **Appendix-B** एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल पद के लिए एस.ओ.पी. के **Appendix-C** में उल्लेखित मापदंड प्रयोज्य होगें।

**8. अवकाश पात्रता, कार्यकाल एवं अन्य सेवा शर्तें :-**

चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल की अवकाश पात्रता, कार्यकाल एवं अन्य सेवा शर्तें विज्ञप्ति के साथ संलग्न लीगल एड डिफेंस काउंसिल मोडीफाईड स्कीम-2022 एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया दिनांक 06.08.2025 के उपबंधों के अनुसार होगी।

**नोट**: चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल पद पर कार्यरत सभी व्यक्ति पूर्ण सर्तकता एवं सद्भाविकता से अपने कार्य का निष्पादन करेगें और अपने कार्य के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निगरानी में रहेगें।

**संलग्न :- विहित आवेदन प्रारूप।**

**एल.ए.डी.सी.एस. मोडीफाईड स्कीम 2022 एवं एस.ओ.पी.**

**(स्वप्नश्री सिंह)**
सचिव
जि.वि.से.प्रा. सीहोर(म0प्र0)

## APPLICATION FOR ENGAGEMENT AS FULL TIME LEGAL AID LAWYER IN LEGAL AID DEFENSE COUNSEL SYSTEM

DISTRICT SEHORE (M.P.)

Application No. ____________
(For Office use)

Photo

**APPLICATION FOR CHIEF /DEPUTY /ASSISTANT LEGAL AID DEFENSE COUNSEL SEHORE**
**(Please√tick)**

1. Applicant's Name :
2. Father/Husband's Name :
3. Date of Birth :
4. Age (as on 01-09-2025) :
5. Gender :
6. Residential Address :
7. Office Address :
8. Chamber Address (if any) :
9. Telephone no.(O) :
10. Telephone No.(R) :
11. Mobile No. :
12. Fax No. :
13. E-mail ID :
14. PAN No. :
15. AADHAR No. :
16. Educational Qualification (Please enclose self-attested copies of documents):

| Course | Name of Board/ University | Year of Passing | Obtained Percentage (aggregate) |
|---|---|---|---|
| Graduation | | | |
| Professional Degree LLB | | | |
| LLM | | | |
| Any other (if any) | | | |

17. Date of Enrollment as Lawyer:
18. Enrollment No. :
(Attach self-attested copy of enrollment certificate issued by Bar Council)

19. Experience in Bar :
(Duration of actual practice)
**(Attach an experience certificate issued by the Bar Association /Council)**
(a) Total no. of cases handled:
(b) Nature of cases handled :
(Attach extra sheet, if required)
(c) Specialization, if any :
(The details of a few important cases, the Applicants have dealt with/handled and reported judgement if any.)

20. Whether empanelled as Central/State Government or Government undertaking counsel/ pleader :
(Indicate period & attach documents)

21. The Courts where the Applicant is regularly practicing :
(Enclose Bar Association Membership Certificate)

22. Specify whether earlier remained on the panel of HCLSC/DLSA or TLSC :
(Indicate period, number of legal aid cases handled & result)
(attach documents)

23. Whether any disciplinary case/Complaints was against the Applicant with any Bar Council: YES NO
(If yes, specify details of both disposed & pending with documents)

24. List ofthe documentstobe attached.
1. Self-Attested copies of Five (5) Contested Judgments of Conviction.
2. Self-Attested copies of Five (5) Contested Judgments of Acquittal (If available).
3. Self-Attested copies of Five (5) Charge Order Sheets, revealing arguments on charge.
4. Self-Attested copies of Five (5) Witness Statementsrecorded during Trial.
5. Self-Attested copies of minimum Five (5) Memos/Vakalatnamas.
6. Self-Attested copies of minimum Five (5) Bail Orders.
7. L.L.M. Degree (if available)
8. Ph.D. in Law (if available)
9. Experience Certificate(s) related to practice on the Criminal side.

I hereby declare that all the statements made in this application are true, complete and correct to the best of my knowledge and belief. In the event of any information being found false /incorrect at any stage, my candidature is liable to be cancelled. I have read and understood the instructions and terms of the engagement and agrees to abide by those. I declare that I fulfill the eligibility conditions for the category to which I am seeking engagement. I declare that I have never been penalized by any Bar Council in any Disciplinary Proceedings. I also undertake to maintain absolute integrity and discipline as required thereunder. I agree with the remuneration structure and all the terms and conditions notified by SLSA/DLSA concerned

(Signature)

Place:____________

__________________

Date:____________